हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 15 .9 डिग्री

14 दीवाली पर्व पर छात्रों ने प्रस्तुतियों से मनाया जश्न



14 फोटोग्राफी में आदित्य प्रथम, पलक को मिला दूसरा स्थान



## खबर संक्षेप

### हादसे में कानून की छात्रा की मौत

**पानीपत।** गीता यूनिवर्सिटी से एलएलबी कर रही छात्रा निशा निवासी विकास नगर पानीपत की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं निशा अपनी स्कूटी पर सवार होकर शिक्षित होने के लिए जा रही थी। वही, रास्ते में गांव नांगल खेडी के पास हादसे में काल का ग्रास बन गई। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने पंचनामा भर निशा के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया और अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आजीविका मिशन ने किया आंकलन टूल लॉन्च

**पानीपत।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने समुदाय आधारित संगठनों की क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में नई पहल शुरू की है। मतलौडा और सनौली खुर्द खंड में आयोजित बैठक के दौरान मिशन ने मोबाइल आधारित सशक्त प्रशिक्षण आवश्यकता आंकलन टूल लॉन्च किया। यह टूल समुदाय आधारित संगठनों में जुड़ी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण की वास्तविक जरूरतों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने में मदद करेगा।

### बाइक की टक्कर लगने से मासूम की मौत

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड स्थित भाटिया कॉलोनी में वीरवार की रात करीब 11 बजे बाइक की टक्कर लगने से ढाई साल के रिशिव की मौत हो गई। रिशिव अपने परिवार की नौकरानी नंदनी व इसके पुत्र के साथ खेल रहा था। वहीं, रिशिव के चाचा विनय ने बताया कि राम लाल चौक की ओर से आ रही बाइक ने रिविश को टक्कर मार दी और रिशिव, बाइक के साथ पिरामिड होटल तक घसीटता चला गया।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन टीम ने गांव सिवाह में सुमित पुत्र गुरदेव को गोली मारने के आरोप में पानीपत की माडल टाउन की ढींगरा कॉलोनी निवासी जितेंद्र, गांव सिवाह निवासी सचिन उर्फ रिकी व गांव जाटल निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रंजिशन सुमित को गोली मारी थी।आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपियों से रिमांड के दौरान इनके फरार साथियों के पते ठिकाने जान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी।

### स्कूलों में दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर रोक

**जींद।** स्कूलों में बच्चों से पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर अब रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर अब जहां स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने एक पत्र भी जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में बिना अनुमति मैजिक शो के आयोजन करके बच्चों से अगर पैसे लिए जाते हैं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदू कॉलेज को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का अवार्ड

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग की छात्राओं ने छह से 15 अक्टूबर तक मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में आयोजित 10 दिवसीय श्वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। कालेज की छात्राओं ने हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिंदू कन्या कालेज जींद को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार मिला। इसी कैंप में कैडेट पूनम को सर्वश्रेष्ठ कैडेट का अवार्ड भी मिला। कालेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शानदार प्रस्तुति दी।

## प्रदेश सरकार का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित

# भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल, मंत्री अनिल विज बोले, ये स्वर्णिम कार्यकाल

*परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का हो रहा शुभारंभ, जिन्होंने किसी भी किसी अन्य योजना के तहत घर नहीं ले रखे, उन्हें प्लाट दिए जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम समय रहा है। इस अवधि में अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी सरकार तकनीक का पूरी से उपयोग कर रही है ताकि आमजन को सुविधाएं तेजी से मुहैया कराई जा सके और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पडें। विज शुक्रवार को अंबाला छावनी सनातम धर्म कालेज में जिला स्तर पर आयोजित जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक साल में कई विकास के कार्य हुए हैं। तरक्की का पहिया तेजी से चला है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि यदि हम एक रुपया भेजते है तो 85 पैसे सिस्टम खा जाता है। लाभपात्र तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं। मगर हमारी सरकार ने तकनीक का सहारा लेकर विभिन्न योजनाओं के सारे पैसे सीधे लाभपात्रों के खातों में पूरे पहुंचते हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिनके पास घर नहीं है और जिन्होंने किसी भी किसी अन्य योजना के तहत घर नहीं ले रखे, उन्हें 50 वर्गगज या 100 वर्गगज के प्लाट दिए जाएंगे। विज ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेज यहां से चले गए, मगर अंग्रेजों की जो शासन पद्धति थी वहीं चलती रही। हम अभाव में जीते थे, अस्पताल-कालेजों के लिए तरसते रहे, पीने के पानी के लिए तरसते रहे, नागरिक सीवरेज-स्ट्रीट लाइट के लिए तरसते रहे। मगर जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने सारी आवश्यकताएं पूरा करने का कार्य शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबों के लिए जनधन योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में पाकिस्तान है जो हमारे से ही अलग होकर बना है। हमारे कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े कर दिए जबकि आजादी की लड़ाई में ऐसी कभी भी बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि क्या शहीदों ने हिंदुस्तान के बंटवारे के लिए कुर्बानियां दी। मगर उस समय सत्ता के लालची कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े धर्म के आधार पर करवा दिए।

▪ सनातम धर्म कालेज में जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम





**अंबाला।** कार्यक्रम में संबोधित करते मंत्री अनिल विज व मौजूद पार्टी कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### पाकिस्तान दोबारा दुस्साहस नहीं करेगा

*विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया, जबकि पहले पूर्व सरकारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और कश्मीर में कत्लेआम होते रहे। लेकिन आज मगर मोदी जी के ऐतिहासिक निर्णयों के चलते कश्मीर भी ऐसे है जैसे हमारा हरियाणा-पंजाब है। कश्मीर के लोगों के अधिकार भी हमारे जैसे ही हैं। राम मंदिर निर्माण के लिए दशकों से संघर्ष हो रहा था, कई आंदोलन हुए, दो बार आंदोलनों में वह भी गए। राम मंदिर में एक साल में 20 करोड़ लोगों ने दर्शन किए हैं। प्रधानमंत्री जी ने तीन तलाक को भी खत्म किया। पाकिस्तान ने पहलगाम में जो दुस्साहस किया उसके बाद ऑप्रेशन सिंदूर में ऐसा सबक सिखाया गया कि दोबारा वह उठने की कोशिश नहीं करेगा।*

उन्होंने ने कहा कि बताया कि प्रदेश में भी उच्च शिक्षा व कृषि को सशक्त बनाने के लिए जिला करनाल में 700 करोड़ रुपए की लागत से महाराणा प्रताप बागवानी विश्व विद्यालय का शिलान्यास किया गया है। प्रदेश पहला ऐसा राज्य है जहां पर 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है और किसानों को 2 हजार रुपए प्रति एकड़ बोनस भी दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को फसल का भुगतान 48 घंटे में किया जा रहा है जिसके लिए ई एप्लीकेशन बनाई गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 68 करोड रूपए की लागत से 337 इंडोर स्टेडियम बनाए गए। हमारी नीति है कि युवा सकारात्मकता से आगे बढ़े। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में लगभग 1.50 लाख लोगों के घरों पर सोलर सिस्टम लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। हमने हिसार में हवाई अड्डा बनाया और अंबाला छावनी में हवाई अड्डा बनकर तैयार है। छावनी में लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत से 1857 में आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है।

उन्होंने ने कहा कि इन विकास कार्यों को जनता के सामने रखा जा रहा है ताकि लोगों को विश्वास हो कि हमने सारे प्रदेश में काम किया। 20 बसें लोकल रुट पर चल रही हैं। अब बसों के आधुनिक बस क्यू शेल्टर बनने शुरू हो गए हैं। इसी प्रकार अंबाला-साहा रोड बना कर दी गई। अब अंबाला के चारों ओर रिंग रोड बनाई जा रही है जिससे ट्रेफिक समस्या से निजात मिलेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम विनेश कुमार, संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, ईओ देवेंद्र नरवाल, नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, विकास बहगल, विपिन खन्ना, बलित नागपाल, प्रवेश शर्मा, मदन लाल शर्मा, श्याम सुंदर अरोडा, दीपक भसीन, आरती सहगल भी मौजूद रहे।

## दुकान में रखा चार तोले सोने का कड़ा चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शिवाजी पार्क प्यारा चौक के पास स्थित दुकान के गुल्लक में रखा चार तोले का सोने का कड़ा चोरी हो गया। दुकान मालिक ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शिवाजी पार्क प्यारा चौक निवासी बलविंदर कुमार ने शहर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी प्यारा चौक के पास दुकान है। 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उसने अपनी दुकान पर आकर सोने का कड़ा हाथ से निकलकर दुकान के अंदर गुल्लक में रख दिया था। शाम को जब उसने गुल्लक चेक किया तो उसमें से सोने का कड़ा गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी सोने के कड़े का कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि सोने के कड़े की कीमत करीब ढ़ाई लाख रूपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### बिजली का सामान चोरी

बिजली निगम यमुनानगर के डिवीजन नंबर वन यूएचबीवीएन के एसडीओ सुमित ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव मिश्री का माजरा में चोरों ने ट्रांसफार्मर से बिजली का सामान चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही उसने मौके पर जाकर जांच की तो ट्रांसफार्मर से कंडक्टर गायब मिले। जिसकी कीमत करीब 52 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे डेढ़ लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर पुराना हमीदा निवासी बिरमदास से डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप कॉलोनी के ही दिनेश पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बिरमदास ने बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। फरवरी 2021 में उसे पता चला कि कॉलोनी का ही दिनेश कुमार लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इस दौरान वह आरोपी दिनेश से मिला। दिनेश ने उसे विदेश भेजने के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपये और उसके दस्तावेज ले लिए। मगर आरोपी ने इसके बाद उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## ट्रक की टक्कर लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर के बुबका चौक के पास ट्रक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सैनी मोहल्ला रादौर निवासी मधु रानी ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 30 वर्षीय निशांत 16 अक्टूबर को किसी काम से जा रहा था। जब उसका लड़का बुबका चौक के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे ट्रक में उसके बेटे निशांत को टक्कर मार दी। जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके बेटे निशांत की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

▪ रादौर के बुबका चौक के पास हुआ हादसा

## नशीली गोलियां रखने के दोषियों को 15 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने के आरोपी किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां को 15 साल कठोर कारावास, 1 लाख रुपए जुमार्ना व जतिंद्र सिंह वासी अम्बाला शहर को 7 साल कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।I नकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 अक्टूबर 2020 को प्रबंधक थाना सदर थानेसर उप निरीक्षक नरेश कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में लाडवा कुरुक्षेत्र रोड़ पर मौजूद थी।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कडामी मोड़ पर नाकाबंदी करके कार नंबर एचआ-07वी-3692 सहित किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां जिला कुरुक्षेत्र को काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी व उसकी कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से कुल 75 हजार नशीली गोलिया बरामद हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया था।

▪ रादौर के बुबका चौक के पास हुआ हादसा

#### 10 हजार गोलियां बरामद

4 अक्टूबर 20 को पुलिस टीम ने जितेन्द्र वासी अम्बाला शहर को काबू करके उसके कब्जा से 10 हजार नशीली गोलियां बरामद की थी। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत 15 साल कठोर कारावास,1 लाख रुपए जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपी जतिंद्र सिंह वासी अम्बाला शहर को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत 7 साल कठोर कारावास, 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 1 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## धनतेरस पर खुली रहेंगी सभी तहसीलें, लोग करवा सकेंगे रजिस्ट्री : उत्तम सिंह

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि धनतेरस के दिन, जो सरकारी अवकाश का दिन होता है, जिले की सभी तहसीलें और उप-तहसीलें खुली रहेंगी ताकि नागरिक अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवा सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया है ताकि "मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0" के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लॉटों की रजिस्ट्री दीपावली से पहले ही संपन्न कराई जा सके। डीसी ने कहा कि संबंधित तहसीलदारों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छुट्टी के बावजूद कार्यालयों में उपस्थित रहकर सभी लाभार्थियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि यह कदम जनसुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## हैंड ग्रेनेड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा हैंड ग्रेनेड और 5 जिन्दा रौन्द के साथ गिरफ्तार आरोपियों के एक और साथी आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने मामले के एक और आरोपी विशु वासी पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल ने बताया कि 7 अक्टूबर को पुलिस टीम को पंजाब नंबर की एक बाइक पर दो संदिग्ध युवकों के पेहवा एरिया में घूमने की सूचना मिली थी। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम को 152-डी कुरुक्षेत्र पेहवा रोड पर सुनसान जगह पर संदिग्ध बाइक पर खड़े दो युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को काबू किया। उनके पास बैग में जिंदा हैंड ग्रेनेड था। पुलिस टीम ने हैंड ग्रेनेड वाले बैग को सुनसान जगह पर रखवा दिया। बम डिस्पोजल टीम में मौका पर पहुंच कर हैंड ग्रेनेड को डिफ्यूज किया था। आरोपियों के कब्जे से 5 जिंदा रौंद भी बरामद हुए थे। आरोपियों की पहचान गुरविंदर उर्फ गग्गू वासी शशा गुजरानं जिला पटियाला व संदीप वासी अद्दू माजरा जिला अंबाला हाल वासी पटियाला के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## अग्निवीर भर्ती का दूसरा चरण 12 को

**अंबाला।** आर्मी भर्ती निदेशक ने बताया कि 8 से 12 नवंबर 2025 तक खड्गा स्पोर्ट्स स्टेडियम अंबाला कैंट में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण (फिजिकल एवं मेडिकल) का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वे पुरुष अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं जो कि प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शोर्टलिस्ट हुए हैं। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 14 अक्तूबर 2025 को जारी कर दिए गए हैं। वे भारतीय सेना की वेबसाईट पर अपनी लॉगिन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि किसी भी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या आती है तो वे मुख्यालय भर्ती कार्यालय में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 14.00 बजे के बीच में संपर्क कर सकते हैं ताकि उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

### गांव सिवाह में निकाला खिलाड़ी का विजयी जुलूस

# नेशनल चैंपियनशिप में देव ने जीता सोना

▪ शॉटपुट के 16 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह के खिलाडी देव शर्मा ने भुवनेश्वर (ओडिशा) में हुई 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशीप में शॉटपुट के अंडर 16 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर गांव सिवाह व पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। वहीं खिलाडी देव शर्मा का शुक्रवार को पानीपत पहुंचने पर गांव सिवाह बस अड्डे के सामने पुल के नीचे ग्रामीणों ने फूल व नोटों की मालाओं सहित पगडी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। समारोह में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा, गांव सिवाह के सरपंच एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने भी शिरकत की और खिलाडी देव शर्मा को गोल्ड जीतने पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं, आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि हमारे गांव सिवाह के देव शर्मा ने प्रदेश भर में मान बढाया है।

वहीं देव को खेल निखारने में ग्राम पंचायत सिवाह की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर खिलाडी देव शर्मा के पिता कर्मबीर शर्मा, प्रवीन शर्मा पंच, सोमदत्त शर्मा, संजय शर्मा, हीरा लाल, मोहनलाल,राकेश, सौरभ, नवीन समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



**पानीपत।** गोल्ड मेडल विजेता देव शर्मा का स्वागत करते हुए हरपाल ढांडा व आर्य रणदीप कादियान आदि।



खबर संक्षेप

## युवक से बरामद की देसी पिस्टल व दो जिंदा राउंड

**यमुनानगर।** जिला अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने एक युवक को गांव औरंगाबाद के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद किए हैं। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईएचसी बृजपाल ने बताया कि शाम को वह टीम के साथ गश्त कर रहा था। गांव औरंगाबाद के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपी की पहचान गांव गढ़ी हमीदा निवासी कबीर के रूप में हुई।

## चेक वापस न लौटाने पर फाइनेंसरों पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** ब्याज पर ली गई राशि लौटाने के बाद भी चेक वापस न करने के आरोप में पुलिस ने तीन फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला लक्ष्मी नगर कैंप निवासी साक्षी की शिकायत पर दर्ज किया है। लक्ष्मी नगर कैंप निवासी साक्षी ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने फरवरी 2025 में आरोपी अनुज कुमार, मुकेश कुमार व वैशाली से ब्याज पर पैसे लिए थे। इस दौरान आरोपियों ने उसके पास से हस्ताक्षर किए हुए खाली चेक लिए। साक्षी ने बताया कि उसने सारे पैसे लौटा दिए, लेकिन उसके चेक वापस नहीं किए गए।



## पुस्तकें पढ़ाने के साथ व्यावहारिक ज्ञान जरूरी

**रादौर।** सीबीएसई द्वारा जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ कविता चावला व साक्षी सिक्का ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के तौर पर कविता चावला व साक्षी सिक्का ने भाग लिया। कार्यक्रम में 70 अध्यापकों ने भाग लिया।
मुख्य वक्ता कविता चावला ने कहा कि आज कक्षा का माहौल बदल गया है। अध्यापकों को आधुनिकता भरे युग में बच्चों को पुस्तकों को पढ़ाने के साथ-साथ व्यावहारिक तौर पर ज्ञान देना आवश्य है। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश शास्त्री, एमडी रूबी कंबोज आदि मौजूद रहे और उन्होंने वक्ताओं को सम्मानित किया।

### मंत्री राणा ने जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम में लिया भाग

# भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में शामिल 46 वादे किए पूरे : राणा

विधानसभा चुनाव में कुल 217 वादे किए थे भाजपा ने, इस वित्त वर्ष 90 पूरे कर लेंगे : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमने विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प पत्र के 217 में से 46 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं 158 वादों पर काम प्रगति पर है। उन्होंने शुक्रवार को जिला सचिवालय में प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित हरियाणा जन विश्वास जन विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता यह दावा जताया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जरूरतमंद पात्र लोगों को सौ-सौ गज प्लाट के अलॉटमेंट लेटर प्रदान किए।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार का एक वर्ष का समय भले ही कम है। मगर इस समय में सरकार ने जिस नॉन स्टॉप विकास का संकल्प लिया था, उसकी सिद्धि में यह एक वर्ष विकास की तिगुणी गति का साक्षी है। हम इसी वित्त वर्ष में कुल 90 संकल्प पूरे कर लेंगे। उन्होंने कहा कि नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24 हजार युवाओं को ग्रुप सी की सरकारी नौकरी दी गई। इसके अलावा ग्रुप ए व बी के हरियाणा लोकसेवा आयोग द्वारा विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए ई खरीद एप्लीकेशन द्वारा घर बैठे ई गेट पास बनाने की सुविधा दी।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए व लाभपात्रों को सौ-सौ गज के प्लाट के लेटर देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जरूरतमंद पात्र लोगों को सौ-सौ गज प्लाट के अलॉटमेंट लेटर प्रदान किए**

### 500 रुपये में दे रहे गैस सिलेंडर

श्याम सिंह राणा ने कहा कि विधानसभा में 18 नवम्बर 2024 को बिल पास करके हरियाणा के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया। उन्होंने कहा कि हर घर हर गृहणी योजना के तहत प्रदेश के 15 लाख से अधिक अंत्योदय तथा बीपीएल परिवारों को केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इसके अलावा भी अनेकों कार्य कर लोगों को लाभ दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व विधायक साढौरा बलवंत सिंह व पूर्व मेयर मदन चौहान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के प्रति देश और प्रदेश में बढ़ा विश्वास : चौहान

■ भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने प्रदेश सरकार की गिनवाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



मदन चौहान।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर निगम के पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों के तीसरे कार्यकाल में भी चहुंमुखी विकास कार्यों की गति लगातार जारी है। केंद्र व प्रदेश सरकारें लगातार सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उनका कल्याण कर रही हैं। यही वजह है कि आज देश और प्रदेश भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने शुक्रवार को गोबिंदपुरी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा जताया कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की फिर से पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि हरियाणा में सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष समाप्त हो चुका है। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों की यात्रा लगातार जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई विकास की यात्रा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भी लगातार जारी है। मुख्यमंत्री सैनी सरकार ने नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कदम बढ़ाए हैं।

### हर क्षेत्र में हरियाणा विकास की ओर आगे बढ़ा

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा में परिवर्तन और पारदर्शी शासन की जो नींव रखी गई थी। उसी आधार पर आज प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 तक हरियाणा में भाजपा सरकार ने जनता के विश्वास को मजबूत करते हुए हर क्षेत्र में ठोस परिवर्तन किए हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि और सामाजिक सुरक्षा के हर क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। अब तीसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में इन उपलब्धियों की नींव पर सरकार ने विकास की रफ्तार को और सशक्त बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ओबीसी मोर्चा प्रदेशभर में समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उन्हें लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### जिले में 31 अक्तूबर से 26 नवंबर तक आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम

# भव्य रूप से मनाएंगे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती

भाजपा द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में जयंती को लेकर आयोजित की कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को लेकर जिले में 31 अक्तूबर से लेकर 26 नवंबर तर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर मुख्य रुप से प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जानकारी देते जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य नेता।

### 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी होगी

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि पार्टी द्वारा स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 31 अक्तूबर को जिला यमुनानगर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश की एकता और अखंडता के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और देश की एकता और अखंडता की शपथ ली जाएगी। वहीं, इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के लौह पुरुष थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, अभियान के जिला संयोजक संदीप गुर्जर, मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## कहासुनी होने पर दो भाइयों पर हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव कैल में कहासुनी होने पर कुछ लोगों ने दो भाइयों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कैल निवासी स्वर्णना लाल ने सदर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके बेटे नवीन की गांव के ही चरण सिंह व गुरमीत सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से आरोपी उसके लड़के से रंजिश रखे हुए थे। 10 अक्टूबर को सुबह नौ बजे आरोपियों ने रंजिश के चलते उसके बेटे नवीन व भतीजे दिवाकर पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी चरण सिंह, गुरमीत सिंह, मोंटी, जय सिंह, सोहनलाल, जसवीर सिंह, अभय, रवि, राहुल, राहुल पुत्र अमरपाल तथा प्रिंस के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अध्यापकों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा मांगपत्र

■ एसीपी मामलों की लंबित फाइल को लेकर अधिकारियों से मिला अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की जिला इकाई ने वीरवार को मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मौलिक शिक्षा अधिकारी ने संघ के पदाधिकारियों की मांगों को ध्यान से सुना और उन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

शुक्रवार सुबह संघ के पदाधिकारी जिला प्रधान सतपाल के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने मांगों के संबंध में अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान ने बताया कि जिले के विभिन्न खंडों में कार्यरत जेबीटी अध्यापकों से संबंधित एसीपी मामलों की फाइलें अभी तक लंबित हैं। जिन पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया कि 2017 बैच के जेबीटी शिक्षकों की एसीपी फाइलें तुरंत मांगी जाएं। इसके अतिरिक्त संघ ने कुछ खंडों में गलत समायोजन करने के कारण विद्यालयों में अध्यापक रहित स्थिति उत्पन्न होने का मुद्दा भी उठाया। इसके साथ ही संघ ने गवर्नमेंट स्कूल भंभोल के प्राचार्य से संबंधित मामले को भी प्रमुखता से उठाया। संघ ने कहा कि प्राचार्य को प्रताड़ति किया जा रहा है।



**यमुनानगर।** मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

### एसीपी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि 2017 के जेबीटी शिक्षकों की एसीपी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। अन्य सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर न्यायोचित समाधान निकाला जाएगा। मौके पर राज्य सह सचिव जय कृष्ण, रविकांत, हंसराज, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, सुनील मांडखेड़ी, सुदेश कुमार व पवन खेड़ी आदि मौजूद थे।

# जिंदल ने सफाई कर्मचारियों को ई रिक्शा व खिलाड़ियों को खेलों का सामान बांटा

■ रादौर क्षेत्र के गांव रपड़ी में सांसद की टीम ने भेंट किया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल की ओर से रादौर क्षेत्र के गांव रपड़ी में शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों को ई रिक्शा व युवाओं को खेलो के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए खेल का सामान वितरित किया। रपड़ी गांव के सरपंच कुलदीप कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की ओर से कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जन कल्याण के लिए युवाओं को खेलों का सामान, विद्यार्थियों को जिंदल स्कॉलरशिप, मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, सफाई कर्मचारियों को ई रिक्शा व अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। इन योजनाओं के तहत सांसद नवीन जिंदल की ओर से युवाओं को हर प्रकार के खेल का सामान वितरित किया जाना सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर पंच शिवकुमार, तनिष, गौरव, साहिल व विनित आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर** के गांव रपड़ी में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल की ओर से भेंट किए गए खेलों के सामान को दिखाते खिलाड़ी।

## कपाल मोचन मेले में सरकारी योजनाओं का होगा प्रचार : आहूजा

**यमुनानगर।** उत्तर भारत के व्यासपुर में स्थित श्री कपाल मोचन मेले में लगाई जाने वाली प्रदर्शनी को लेकर जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली सरकार की स्कीमों को दर्शाती स्टॉलों के बारे में विस्तार से चर्चा की। आहूजा ने कहा कि स्टॉलों को पिछले वर्ष कि अपेक्षा इस बार और आकर्षक बनाया जाए ताकि जनता तक सरकार की योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी पहुंचे।

## सढूरा गांव में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बी टीम ने जीता सेमीफाइनल मैच

**रादौर।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में गांव सढूरा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को सेमीफाइनल का पहला मैच खेल गया। सेमीफाइनल मैच में पालेवाला टीम व फ्रेंड्स क्लब की बी टीम के बीच मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता के आयोजक मलखान सिंह सढूरा ने बताया कि शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच हुआ। इसमें पालेवाला क्रिकेट टीम व फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बी टीम के बीच मुकाबला हुआ। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबले में पालेवाला क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके जवाब में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बी टीम ने मात्र एक विकेट खोकर जीत दर्ज की। हनुमान सिंह सढूरा ने कर्ण को मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार दिया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह व दीपक रादौर ने विजेता टीम को बधाई दी।



**यमुनानगर।** गांव सढूरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

# रोटरी क्लब मानवता की सेवा में जुटा : हरजीत



यमुनानगर के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन अनिरुद्ध त्यागी व यतेंद्र वर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

■ रोटरी क्लब के सदस्यों ने गन्ना सोसायटी यमुनानगर के नवनियुक्त चेयरमैन रोटेरियन अनिरुद्ध त्यागी के सम्मान में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने गन्ना सोसायटी यमुनानगर के नवनिर्वाचित चेयरमैन रोटेरियन अनिरुद्ध त्यागी व भाजपा के नवनियुक्त बीएलए प्रभारी रोटेरियन यतेंद्र वर्मा को सम्मानित किया।

जिन्हें रोटरी क्लब रादौर के प्रधान प्रधान हरजीत सिंह सैनी व पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी ने कहा कि रोटरी क्लब वर्षों से दुनियाभर में मानवता की भलाई के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने मौके पर अनिरुद्ध त्यागी व यतेंद्र वर्मा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि अनिरुद्ध त्यागी व यतेंद्र वर्मा रोटेरियन हैं और मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। अनिरुद्ध त्यागी व रोटेरियन यतेंद्र वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा पूरी दुनिया में कई क्षेत्रों में सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

### 1983 से सेवा जारी

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब रादौर 1983 से क्षेत्र में लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्लब के सदस्य इसी तरह समाज और मानवता की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर क्लब के सचिव भारत माटिया, पूर्व प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा, पूर्व प्रधान डॉ. अशोक मिगलानी, पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी, पूर्व प्रधान जसवंत सिंह बंचल, मलखान सिंह सढुरा, पुनीत शर्मा जोगी माजरा, सतीश चौधरी, रोहित सैनी, साहिल सेतिया, संदीप सढुरा, संदीप सैनी, दीपक मेहता, मनीष चौधरी, मनोज चौधरी, संजू गुंदियाना, अशोक गर्ग व स्वर्ण सिंह धौडंग आदि मौजूद रहे।

### स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

# खेलों से बच्चों का होता है शारीरिक व मानसिक विकास : स्नेहलता

विद्यालय में शुक्रवार को विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) के खिलाड़ियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शुक्रवार को स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता व प्रधानाचार्य दीपमाला कंबोज ने दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग खेलों की राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें उनके स्कूल के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए हर तरह से सहयोग किया जा रहा है। ताकि बच्चे शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने विजेताओं को बधाई शुभकामनाएं दी।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजेता बच्चे स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

### इन प्रतियोगिता में जीते मेडल

उन्होंने बताया कि भिवानी में आयोजित लड़कों की अंडर 17 वर्ग की जैवलिन थो में छात्र नैतिक कांबोज ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर 19 वर्ग की जैवलिन थो प्रतियोगिता में हर्ष और हैमर थो में मनु प्रताप ने नाम रोशन किया। फरीदाबाद में लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग की शॉटपुट प्रतियोगिता में छात्रा वंशिका ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। करनाल में लड़कों की राज्यस्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में उनके स्कूल के अंडर 14 वर्ग की टीम में केशव, प्रियांशु, गुरपुष्प, आदित्य, रुद्र प्रताप, यश व शिवम ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 वर्ग की हैंडबाल प्रतियोगिता में अविरल ,गुरप्रीत, नैतिक, लवित ने तथा अंडर 19 की हैंडबाल प्रतियोगिता में छात्र गर्ष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। गत दिवस जींद में लड़कियों की राज्यस्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उनके विद्यालय की नंदिनी , राशि, यशिका रितिका व वंदना ने भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि इससे पहले उनके विद्यालय के अंडर 11 वर्ग की लड़कों की खो खो टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और एथलेटिक्स प्रतियोगिता शॉट पुट में रुद्रप्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व एकलव्य ने 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

धूमधाम से मनाया गीता निकेतन आवासीय विद्यालय का 52वां वार्षिक उत्सव

# कार्यक्रम में विकसित भारत और ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई दी

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय का 52वां वार्षिकोत्सव आरोहण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पहुंचने पर विद्यालय के एनसीसी एयर विंग और आर्मी विंग के कैडेट्स ने परेड के साथ उनका स्वागत किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा घोष की सुंदर प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के पश्चात प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्राचार्य ने कहा कि 53 वर्ष पूर्व 21 जनवरी 1973 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर श्री गुरुजी ने इस विद्यालय का शिलान्यास किया था। पिछले 52 वर्षों में विद्यालय ने देश के शिक्षा मानचित्र पर अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में वर्तमान में 1725 विद्यार्थी हैं जिनमें से छात्रावास में 17 राज्यों के 552 विद्यार्थी अध्यनरत हैं जो एक लघुभारत का दृश्य प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के ही पूर्व छात्र एवं मेरठ जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरव चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय मेरे लिए अपने जैसे अनेक छात्रों के लिए भाग्य विधाता है। यह विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को एक अच्छा नागरिक और सच्चा देशभक्त बनाता है। मैं इस विद्यालय का सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनेक संस्मरण सुनाए।

## शिक्षा केवल नौकरी पाने का नहीं अपितु व्यक्ति और राष्ट्र निर्माण का साधन है : गौरव चौधरी





कुरुक्षेत्र। समारोह में मलखंब का प्रदर्शन करते विद्यार्थी और मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### नृत्यनाटिका ने मोहा मन

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा योग का सुंदर प्रदर्शन किया गया जिसमें अनेक आसन और मुद्राओं की प्रस्तुति हुई। समूह गान के द्वारा विद्यार्थियों ने सभी को देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। समूह नृत्य में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की संस्कृतियों की झलक दिखाई दी। मलखंब प्रदर्शन में छात्रों ने अद्भुत मुद्राओं के साथ सभी को चकित कर दिया। तद्उपरांत छात्रों ने विकसित भारत की यात्रा पर एक रोचक नाटक प्रस्तुत कर 2047 के भारत का दिव्य स्वरूप दिखाया। कार्यक्रम का एक और आकर्षण भगवान विष्णु के 10 अवतारों पर आधारित नृत्यनाटिका दशावतारम् ने सभी का मन मोह लिया।

## अनुशासन और भारतीय संस्कृति का मुख्य केंद्र है गीता निकेतन : संजय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड 48 कोस परिक्रमा निगरानी कमेटी के अध्यक्ष संजय बठला ने कहा यह विद्यालय श्री गुरु जी के सपनों को पूरा करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां विद्यार्थी श्रेष्ठ वैश्विक ज्ञान और भारतीय संस्कारों पर आधारित शिक्षा के साथ साथ देशभक्ति, समर्पण, सेवा और त्याग की भावना सीखते हैं। आरोहण कार्यक्रम एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामना दी एवं कार्यक्रम में पहुँचने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला देश का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन है। हम गीता निकेतन में आज के छात्रों को भी उसी रास्ते पर आगे ले जाना चाहते हैं और विकसित भारत के लिए उनकी भूमिका सुनिश्चित करने के प्रयास में लगे हैं। उन्होंने इस सुंदर एवं प्रभावी आयोजन के लिए शिक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### श्रमजीवियों को मिठाई और दीये भेंट किए



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विवि परिवार के श्रमजीवियों को मिठाई और दीये भेंट कर दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से एकता, सौहार्द और स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीपों का नहीं, बल्कि प्रकाश, सद्भाव और आत्मिक पवित्रता का त्योहार है। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय की उन्नति में प्रत्येक कर्मचारी, शिक्षक और श्रमजीवी का समान योगदान है। कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने भी कर्मचारियों को दीपावली की बधाई दी।

### प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना लक्ष्य

**कुरुक्षेत्र।** कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब के मीडिया फेस्ट-2025 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी और रील मेकिंग में प्रथम पुरस्कार जीतकर विवि का नाम रोशन किया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमणों से उन्हें ओर अधिक सीखने की ओर प्रेरित करना होता है।

सजा बाजार दुकानदारों को धन वर्षा की उम्मीद

# दीपावली के पंचदिवसीय महोत्सव का पहला दिन धनतेरस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धनतेरस को लेकर धर्मनगरी का बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को दुल्हन की तरह सजा दिया है। इस बार बाजारों की चमक-दमक पहले से कहीं अधिक नजर आ रही है। शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस पर्व के मौके पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कंपनियों के शोरूम और मॉल में उपहारों और ऑफर्स की बरसात हो रही है। दीपावली की शुरूआत धनतेरस से होती है, जिसे धनत्रयोदशी भी कहा जाता है। ये दिन आरोग्य, दीघार्यु और धन-समृद्धि का प्रतीक माना गया है। शास्त्रों में वर्णन है कि इसी दिन समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन उनकी पूजा का विशेष महत्व है। इसके साथ ही भगवान कुबेर और यमराज की आराधना करने का भी विधान है। जहां कुबेर की पूजा से धन और सौभाग्य मिलता है, वहीं यमराज की पूजा अकाल मृत्यु से रक्षा करती है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया इस तरह धनतेरस को आरोग्य और समृद्धि का आरंभिक पर्व कहा जाता है। धनतेरस के दिन प्रदोष काल में भगवान धन्वंतरि की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें। उत्तर-पूर्व दिशा में बैठकर उनकी पूजा करना शुभ माना गया है। सबसे पहले दीपक के नीचे खील या चावल रखें और फिर दीपक जलाएं। इसके बाद एक कलश में शुद्ध जल लेकर भगवान को अर्पित करें और रोली, कुमकुम, हल्दी, फूल, पान, फल, मिष्ठान आदि से पूजा करें। इस दौरान ह्रॐ नमो भगवते धन्वंतराय विष्णुरूपाय नमो नमःह्व मंत्र का जाप करते रहें। यह मंत्र रोगों से मुक्ति और दीघार्यु प्रदान करने वाला माना गया है।



कुरुक्षेत्र। रेलवे रोड़ पर सजी कपड़ों की दुकान। फोटो : हरिभूमि

### धनतेरस पूजा का शुभ मुहूर्त

इस साल धनतेरस शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को पड़ेगी। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम 7:16 बजे से रात 8:20 बजे तक रहेगा। इसी समय भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की आराधना करना अत्यंत मंगलकारी माना गया है।

### खरीदारी का शुभ मुहूर्त और इसमें क्या खरीदे

18 अक्टूबर को दोपहर 12:18 बजे से लेकर अगली सुबह 6:24 बजे तक सोना-चांदी और स्टील अन्य वस्तुएं खरीदना शुभ माना गया है।इसके अलावा, इस दिन धातु से निर्मित पानी का बर्तन खरीद सकते हैं. मिट्टी के दीपक, झाड़ू, साबुत धनिया, कुबेर यंत्र खरीदने से भी घर में सुख-संपन्नता का संचार होता है।धनतेरस पर लोहा, स्टील, चमड़ा आदि खरीदने से बचें। गरीबों को दान करने के लिए भी ये दिन अच्छा है।

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बोले

## धनतेरस पर छुट्टी के दिन लोग करवा सकेंगे जमीन की रजिस्ट्री

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में पहली बार धनतेरस के पावन पर्व पर छुट्टी के दिन भी सभी तहसील और उप तहसील में लोग जमीन की रजिस्ट्री करवा सकेंगे। इस पावन पर्व पर लोगों की शुभ कार्य करने की मान्यता को जहन में रखकर 18 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र की तहसील और उप तहसील खुली रहेंगी। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए है। उपायुक्त मीणा ने शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा सरकार के एक साल के गौरवमयी वर्ष पूरा होने को लेकर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के उपरांत राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सुबह ही धनतेरस के दिन लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करवाने का तोहफा देने को लेकर चंडीगढ़ मुख्यालय के आला अधिकारियों से चर्चा की और इस चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मंच से पूरे प्रदेश में धनतेरस के पावन पर्व पर छुट्टी होने के बावजूद तहसील और उप तहसील कार्यालय को कार्य दिवस की तरह खोलने की घोषणा की ताकि धनतेरस पर लोग शुभ कार्य में जमीन की रजिस्ट्री करवा सके।

## मां लक्ष्मी की कृपा से सुख-समृद्धि प्राप्त करेः डॉ. सुरेश

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि श्रीमार्तण्ड पंचांग और पंचांग दिवाकर अनुसार 20 अक्तूबर और 21 अक्तूबर 2025 को अमावस्या दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी है। 21 अक्तूबर 2025 को मंगलवार को श्री महालक्ष्मी पूजन और दीपावली मनाना सर्वथा शास्त्र सम्मत है। दूसरे शब्दों में दीपावली का मुख्य अर्थ ही लक्ष्मी पूजन है क लेकिन, लक्ष्मी पूजन यदि सही विधि विधान से न हो, तो फल प्राप्ति मुश्किल हो जाती है। अष्टसिद्धि और नवनिधि की देवी महालक्ष्मी का पूजन सभी भौतिक कार्यों में सफलता के लिए किया जाता है। दीपावली के समय पर महालक्ष्मी और गणेश की पूजा का विशेष विधान है क कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को जब सूर्य और चंद्र दोनों तुला राशि में होते हैं, तब दीवाली का त्योहार मनाया जाता है। व्यापारी वर्ग अपनी दुकान या प्रतिष्ठान पर दिन में लक्ष्मी का पूजन करता है। दूसरी ओर गृहस्थ सांय प्रदोष काल में महालक्ष्मी का आह्वान करते हैं। गोधूलि लग्न में पूजा आरंभ करके महानिशीथ काल तक अपने-अपने अस्तित्व के अनुसार महालक्ष्मी के पूजन को जारी रखा जाता है। इसका अर्थ यह है कि जहां गृहस्थ और व्यापारी वर्ग के लोग धन की देवी लक्ष्मी से समृद्धि की कामना करते है, वहीं साधु-संत और तांत्रिक कुछ विशेष सिद्धियां अर्जित करने के लिए रात्रिकाल में अपने तांत्रिक षटकर्म करते है।

**पूजन का समयः** मां लक्ष्मी पूजन स्थिर लग्न वृष, सिंह एवं कुम्भ में ही करना उचित माना गया है क व्यावसायिक स्थल में पूजा कुम्भ लग्न में दोपहर 2 बज कर 42 मिन्ट से 4 बज कर 06 मिन्ट तक होगी। घर में पूजन का समय वृष लग्न सायं 7 बज कर 1 मिन्ट से 8 बज कर 55 मिन्ट तक व साधना और सिद्धि के लिए सिंह लग्न में रात्रि 1 बज कर 32 मिनट से 3 बज कर 52 मिनट तक होगी।



डॉ. सुरेश मिश्रा।

## पटाखों से दूरी बनाकर मनाएं हरित-सुरक्षित दिवाली




**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में 'रिएडी टू फ्लाई-2' वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा ईको-फ्रेंडली रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि दीपावली पर पटाखों से दूरी बना कर हरित एवं सुरक्षित दीपावली मनाई जाए। एम.डी. परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि बच्चों की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि हमें इस दीपावली पर ह्यस्वदेशी अपनाओ और खुशियाँ मनाओह्व का संकल्प लेना चाहिए। सी.एल.ओ. ज्योति खनेजा ने कहा कि इस पर्व को प्रेम और देखभाल के साथ मनाएं, पटाखों से दूरी बनाएं, दीपक जलाएं, फूलों से सजाएं और अपने घर को खुशियों व शांति से भर दें। रैली में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था।

### सभी को शुभकामनाएं दी

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हर्षो उल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया गया जिसमें छात्र- छात्राएं शुभम, साहिल,रामनिवास, मीनाक्षी, पिंकी, उषा आदि ने रंगोली एवं दीप प्रज्वलित करें। इस अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष कमल सचदेवा एवं विभाग के अन्य शिक्षकों एवं सभी छात्रों ने मां सरस्वती एवं लक्ष्मी की पूजा अर्चना की एवं सभी के स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की एवं दीपावली की सभी को शुभकामनाएं दी। कमल सचदेवा, लवलीन, प्रकाश नामदेव आदि सभी शिक्षकों ने छात्रों को अपने जीवन में कैसे चुनौतियों का सामना करना है एवं प्रभु श्रीराम ने कैसे एक साधारण जीवन जीते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों का अंत किया उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए छात्रों को प्रेरित एवं समाज और आसपास व्याप्त बुराइयों को नष्ट करने का प्रण लिया।

# टीबी मुक्त बनाने के मिशन में सामाजिक सहयोग-जागरूकता जरूरी : डॉ. राजेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

फिनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. राजेश वधवा ने कहा कि नायब सरकार के हरियाणा को टीबी मुक्त बनाने के मिशन में सामाजिक सहयोग और जागरूकता जरूरी है। आर्थिक रूप से कमजोर टीबी रोगियों को पोषाहार किट के जरिये मददगार बना जा सकता है। शुक्रवार को फिनिक्स क्लब की ओर से जिला रेडक्रास भवन में टीबी रोगियों को पोषाहार किट वितरित की गई। डॉ. राजेश वधवा ने टीबी रोगियों को किट वितरित करने के दौरान उनका हौसला बढ़ाया निरंतर दवाइयों के सेवन और पौष्टिक आहार से टीबी हारेगा।

### गतिविधियों की सराहना की

उन्होंने टीबी उन्मूलन को लेकर रेडक्रास द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि रेडक्रास मानव सेवा की विश्व में सबसे बड़ी संस्था है। रेडक्रास के साथ जुड़कर सामाजिक संस्थाओं को जनसेवा के कार्यों में योगदान देना चाहिए। महिला विंग की प्रधान सोनिका वधवा ने कहा कि फिनिक्स क्लब की ओर से आगामी दिनों में रेडक्रास के साथ टीबी उन्मूलन के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव सुनील कुमार ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों को पोषहार किट वितरित की जा रही है। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने टीबी रोगियों को पोषाहार किट वितरित करने पर फिनिक्स क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फीनिक्स क्लब के सचिव दिनेश छाबड़ा, डॉक्टर नीरज झांब, अनिल सिंगला, देवेन भाटिया, महिला विंग की सचिव आशी जसूजा, आशी ऐलावादी, रेडक्रास से ओमप्रकाश, वालंटियर जोगेंद्र, राहुल, रानी व आरती प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## त्योहारों पर प्रशासन की सख्ती से ज्यादा जरूरी है जनता की सजगता

**पिहोवा।** त्योहारों के चलते बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री, अवैध अतिक्रमण, सफाई एंव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी अपनी जिम्मेवारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए ताकि इनसे होने वाली दिक्कतों से लोगों को राहत मिल सके। हालांकि एस.डी.एम. अभिनव सिवाच आई.ए.एस. इसके लिए पूरी लगन से प्रयास कर रहे है जिसकी शहरवासी भी सराहना कर रहे है। लेकिन प्रशासन का मानना है कि इसमें आम आदमी का सहयोग भी जरूरी है। त्योहारों को लेकर विशेष कर मिठाई व खाद्य सामग्री की दुकानों एवं मंदिरों के आसपास पालिका प्रशासन द्वारा सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके लेकिन इसके बावजूद स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेवारी बनती है। मंहत बबला दास व भाजपा के युवा नेता एवं गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए ताकि इससे लोगो की सुरक्षा के साथ साथ यातायात की व्यवस्था भी बनी रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद गोपाल कौशिक ने कहा कि ने कहा कि हम प्रशासन से तो हर प्रकार की अपेक्षा रखते है लेकिन खुद कुछ नही करना चाहते। अनाज मंडी एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नवीन गर्ग ने कहा कि आजकल बाजारों में मिठाइयां, नमकीन, बिस्किट, दूध व पनीर से बने उत्पादों सहित अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री जोरों पर है।अग्रवाल सभा के संरक्षक जितेंद्र बंसल टॉमी, चार्टर्ड अकाउंटेंट गुलशन शर्मा ने कहा कि शहर के व्यस्त बाजार गुरुद्वारा रोड व मेंन बाजार में चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए ।

# गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकीय डेटा डिजिटल युग की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताः डॉ. जितेन्द्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज संस्थान में चौथे विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला एक्सप्लोरिंग डेटा थ्रू स्टैटिस्टिकल लेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रायोजन भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्राचार्य प्रो. रीता के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी आज के युग में शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग और नीति निर्माण की रीढ़ बन चुकी है। गुणवत्तापूर्ण डेटा किसी भी देश के विकास, योजना निर्माण और नीतियों के क्रियान्वयन में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. मनीष गोयल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यशाला में डॉ. जितेन्द्र कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, सांख्यिकी विभाग ने डेटा विश्लेषण, सांख्यिकीय उपकरणों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकीय डेटा आज के डिजिटल युग की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।इस वर्ष के विश्व सांख्यिकी दिवस की थीम ड्राइविंग चेंज विद क्वालिटी स्टैटिस्टिक्स एंड डेटा फॉर एवरीवन के अनुरूप, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों की भूमिका पर भी बल दिया। इस अवसर पर प्रो. आर.के. सूदन, डॉ. रुल्दा राम, डॉ. संतोष कुमार दुबे, डॉ. रामचंद्र, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. अभिलाषा, डॉ. सचिन, डॉ. सुभाष, डॉ. सतपाल सिंह, डॉ. सरिता देवी, डॉ. तन्नू शर्मा, डॉ. संजीव ग्रेवाल, डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. अश्मिता, डॉ. मनु वर्मा और डॉ. कुसुम शामिल रहे।




## मासिक पेंशन 3000 से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति माह की, आगामी माह से लागू होगी

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पेंशन बढ़ाकर दिया बुजुर्गों को तोहफा, खुशी का माहौल

पिहोवा ▶▶| अभिषेक पूर्णिमा

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के बुजुर्ग नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। उन्होंने राज्य सरकार की बुढ़ापा पेंशन योजना के तहत दी जाने वाली मासिक पेंशन को 3000 से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति माह कर दिया है। यह निर्णय आगामी माह से लागू होगा और इसका लाभ राज्य के लाखों वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा। बुढ़ापा पेंशन में वृद्धि होने से बुजुर्गों में खुशी का माहौल है।

### बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर : विकास गर्ग



राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनका अनुभव और आशीर्वाद हमारे लिए अनमोल है। उनकी जरूरतों का ध्यान रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### निर्भर रहने की आवश्यकता कम होगीः प्रिंस मंगला



भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि पेंशन से उन्हें दूसरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता कम होगी। राशि का उपयोग दवाइयों, पोषण और अन्य आवश्यकताओं में किया जा सकेगा।

### सरकार का उद्देश्य बुजुर्गों के आर्थिक सम्मान को बनाए रखना : आशीष



नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने नायब सरकार को बुढ़ापा पेंशन में वृद्धि की बधाई देते हुए कहा सरकार का उद्देश्य बुजुर्गों के आर्थिक और सामाजिक सम्मान को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि यह पेंशन वृद्ध लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पेंशन से बुजुर्गों को नियमित आय का सहारा मिलेगा : गीता शर्मा



भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजना 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। योजना के तहत पात्रों को प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। पेंशन से बुजुर्गों को नियमित आय का सहारा मिलेगा, जिससे वे दैनिक जरूरतें पूरी कर सकेंगे।

### बुजुर्ग इस योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे : तिलकराज



भाजपा के वरिष्ठ नेता तिलकराज संधौला ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में राहत मिलेगा, यह योजना पात्र नागरिकों पर समान रूप से लागू है। राज्य में लगभग 28 लाख से अधिक बुजुर्ग योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पेंशन राशि में वृद्धि से बुजुर्गों की सेवा में किया गया व्यय कोई बोझ नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है।

### बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा : सुरेंद्र



नगर पालिका के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह कदम प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में नई आशा और सुरक्षा लेकर आएगा। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा।

# त्योहारी सीजन में रेलगाड़ियों के संचालन में बढ़ा दबाव देरी से चल रही ज्यादातर ट्रेनें, यात्रियों को भारी दिक्कत

डीआरएम बोले-यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को दी जा रही सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



त्यौहारी सीजन में यात्रियों को रेलवे की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इन दिनों कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचने से यात्री बेहद परेशान हैं। ट्रेनों की देरी का कारण त्योहारों के दौरान बढ़ा यातायात दबाव, तकनीकी कारण और परिचालन संबंधी दिक्कतें हैं। कई मार्गों पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों के संचालन और भीड़ के चलते सिग्नलिंग में देरी हो रही है। दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, पटना, मुंबई, कोलकाता और चंडीगढ़ रूट की कई प्रमुख ट्रेनें औसतन दो से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। यहां तक कि तेज गति और समय की पाबंदी के लिए मशहूर वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी वीआईपी ट्रेनें भी समय से पीछे चल रही हैं।

**बढ़े दबाव को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाया**

यात्रियों ने बताया कि उन्हें स्टेशन पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कई लोगों को अपने आगे के सफर या कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि त्यौहारों के दौरान बढ़े दबाव को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और तकनीकी टीमों को लगाया गया है। शुक्रवार को सचखंड एक्सप्रेस 30 मिनट लेट रही, जबकि अमृतसर-दिल्ली एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से आगे बढ़ी। पुराणिया कोर्ट जन सेवा एक्सप्रेस करीब तीन घंटे की देरी से चल रही है। मालवा एक्सप्रेस भी एक घंटे लेट है, वहीं अमृतसर स्पेशल एक्सप्रेस आठ घंटे की भारी देरी से चल रही है।

### सुविधा-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद भाटिया ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मंडल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। आगामी दीपावली, छठ और अन्य पर्वों के मद्देनजर 9 जोड़ी त्योहार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें चंडीगढ़, अंबाला कैंट और सहारनपुर से 4 जोड़ी प्रारंभिक ट्रेनें शामिल हैं।डीआरएम ने बताया कि अंबाला मंडल से प्रारंभ होने वाली मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के कुल 41 फेरे होंगे, जबकि अंबाला कैंट-सहारनपुर-अंबाला कैंट के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के 71 फेरे निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा, अंबाला मंडल से गुजरने वाली मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के 44 फेरे रहेंगे, जिससे यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी।

### यात्रियों को काफी राहत मिलेगी

त्यौहार विशेष ट्रेनों में चंडीगढ़-पटना जंक्शन, चंडीगढ़-धनबाद जंक्शन, अंबाला कैंट-मऊ जंक्शन और अंबाला कैंट-सहारनपुर-अंबाला कैंट जैसी ट्रेनें शामिल हैं। डीआरएम ने बताया कि इन ट्रेनों के संचालन से पूर्वी और उत्तर भारत के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि दीपावली और छठ पूजा पर भारी भीड़ का दबाव रहता है। स्टेशन परिसरों में यात्रियों के मार्गदर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), टिकट जांच कर्मचारी और स्काउट एवं गाइड की विशेष तैनाती की गई है। सभी प्रमुख स्टेशनों पर लगातार ट्रेन संबंधी घोषणाएं, सुरक्षा और जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। टिकट जांच कर्मचारियों को शत-प्रतिशत गेटमैनिंग का निर्देश दिया गया है ताकि बिना टिकट यात्रा पर रोक लग सके। डीआरएम ने आगे बताया कि प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) काउंटरों की संख्या बढ़ाई गई है। भीड़ कम करने के लिए यात्रियों को मोबाइल ऐप से टिकट बुकिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, स्टेशनों पर क्यूआर कोड पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे टिकट बुकिंग प्रक्रिया आसान हो सके। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष नामित काउंटरों की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसरों में इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, कोच गाइडेंस सिस्टम, लिफ्ट, एसकेलेटर और व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं को पूरी तरह संचालित रखा गया है।

### स्टेशनों पर निगरानी बढ़ाई

सुरक्षा को लेकर रेलवे ने अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर मशीनें और सामान की जांच प्रणाली को पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। पटाखों, विस्फोटकों और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं के परिवहन पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। पार्सल विभाग के कर्मचारियों को इस संबंध में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। डीआरएम ने कहा कि त्योहारों के इस व्यस्त मौसम में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी स्टेशनों पर निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए रेलवे कर्मियों को चौकस किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी की ज्वालादीन की मंडी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की को 198 पव्वा देसी शराब सहित काबू किया। एक अन्य मामले में ग्वाल मंडी से शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी लक्की उर्फ तावड़ा को 37 बोतल अंग्रेजी व 20 बोतल देसी (कुल 57 बोतल) शराब सहित गिरफ्तार किया।
नन्हेड़ा से भी पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी हरदेव सिंह उर्फ पिंका को 10 बोतल व 2 पव्वा देसी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी परवेज कुरैशी को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में संलिप्त अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारायागढ़ माजरा के तेजिंद्र कुमार ने 7 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2025 को उसके घर से आरोपी ने भैंस चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# दिवाली पर्व पर छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का भी संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला







अंबाला। दिवाली पर्व के आयोजन पर रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र।

फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को दीपावली का पर्व बड़े ही श्रद्धा और हर्षोउलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।**

कार्यक्रम में सबसे पहले नर्सरी के बच्चों ने भगवान राम के विषय में अपने नृत्य के माध्यम से बताया तो वहीं एलकेजी बच्चों ने दीपावली आई और यूकेजी के बच्चों ने 'मेरे घर राम आए हैं' सांग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसने सब का मन मोह लिया। इसके पश्चात प्राइमरी विंग के बच्चों ने तरह-तरह की रंगारंग कार्यक्रमों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने बहुत ही भावपूर्ण भजन /"नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो/" गाया। इस भजन पर सारा प्रांगण तालिया से गूंज पड़ा। इसके पश्चात नाट्य मंचन के द्वारा भगवान श्री राम व रावण के युद्ध को दर्शाया गया, जिसमें बच्चों ने मेरी चौखट पर चारों धाम... गीत की प्रस्तुति दी। इस नृत्य नाटिका ने दशकों में समा बांध दिया। इसके बाद कक्षा प्रथम व द्वितीय की नृत्य प्रस्तुति भी सराहनीय थी। इसके पश्चात मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने दिवाली के उपलक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बुद्धि दाता गणेश तथा धन की देवी लक्ष्मी जी की वंदना की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दीवाली से संबंधित अपनी कविताएं भी सुनाई। राजा राम के राज्याभिषेक की प्रस्तुति ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

### शुभकामनाएं दी

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों द्वारा दी गए प्रस्तुतियों की अत्यधिक प्रशंसा की तथा सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि दिवाली केवल दीपों का त्यौहार नहीं बल्कि यह अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और अज्ञानसे ज्ञान की ओर ले जाने का प्रतीक है ।उन्होंने सभी को पर्यावरण अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का भी संदेश दिया।

## सजावट और सांस्कृतिक परिधानों से बिखेरी छटा



बराड़ा। रंगोली बनाते स्कूली बच्चे।

फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न रंग-बिरंगी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे विद्यालय पहुंचे और अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। तीसरी से पाँचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने दीया सजावट, कक्षा सजावट और पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगोली, तोरण सजावट और कक्षा सजावट प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय की प्राचार्या वरिंदर कौर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और प्रत्येक वर्ग से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए। उन्होंने बच्चों को दीपावली के महत्व के बारे में बताया और कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं दीं।

### छात्राओं को दी ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी

**बराड़ा।** एसएमएस गर्ल्स कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के नेतृत्व में तथा अर्ली चाइल्ड केयर विभाग की संयोजक डॉ. नवनीत कौर और सदस्य दीपिका ढींगरा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित जानकारियों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना ने छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, कारण और प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया और बताया कि अक्टूबर माह 'पिंक मंथ' के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नवनीत कौर ने बताया कि इस आयोजन से छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच करवाने के महत्व को समझने का अवसर मिला।

### धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी प्रगट सिंह व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया व आरोपी प्रकट सिंह का 1 दिन के रिमांड पर लिया है। पंजाब के तरनतारन जिले हरप्रीत सिंह ने 18 जनवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जुलाई 2020 को आरोपी प्रगट सिंह, आरोपी महिला व अन्य ने पिस्तौल दिखाकर डराने, धमकाने पर उससे धोखाधड़ी कर एक बड़ी हड़पने का आपराधिक कार्य किया है।

**आरोपी प्रकट सिंह का 1 दिन के रिमांड पर लिया**

# खंड स्तर पर आयोजित विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में करीब सत्रह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड में जिला स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी एवं जिला स्तरीय नॉर्थेर्न इंडिया विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खंड स्तर पर विजेता रहे कुल 17 विद्यार्थियों और विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में खंड स्तर पर विजेता रहे 6 टीमों के कुल 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र इस प्रदर्शनी में अनेकों प्रकार के पर्यावरण विज्ञान के मॉडल बना कर लाए।

**पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिता**





प्रमाण पत्रों के साथ छात्र व शिक्षक।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञानं के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी प्रद्शों का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में दर्शाए गये मॉडल से संबंधित बातचीत की और इन का आम जन मानस और पर्यावरण को बचाने मे क्या योगदान हो सकता है, इस बारे वार्तालाप भी किया, जिस से सभी प्रतिभागियों को बहुत प्रोत्साहन मिला। उन्होंने सभी बच्चों एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों से विकसित भारत संकल्प में ईमानदारी से अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग तथा संपूर्ण देखरेख डीएमएस सुशील अरोड़ा, कार्यकारी डीएसएस विवेक मिश्रा और गणित प्राध्यापक मुकेश मित्तल द्वारा की गई।

### विजेता सम्मानित

इस कार्यक्रम की सफ़लता में विद्यालय की प्रधानाचार्या रीटा देवी व समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। जिला विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में पीजी राजकीय कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. सुषमा देवी और डॉ. वंदना तथा जिला विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्या नीलम रानी, रमेश गोयल एवं प्राध्यापिका मंजीत कौर शामिल रहे। कालड़ा ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। सभी विजेताओं, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं कार्यकृम में योगदान करने वाले कर्मियों को प्रशंसापत्र दिए।

## विद्यार्थियों ने ईश स्तुति और नैतिकता पर आधारित मधुर भजन प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पुण्य मास उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय में विजय पर्व, आनंद पर्व और प्रेरणा पर्व जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विजय पर्व के तहत कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने आर्य समाज एवं महापुरुषों स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी, पंडित लेखराम के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। इसके पश्चात 17 अक्तूबर को आनंद पर्व के अंतर्गत कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने ईश स्तुति, आर्य समाज और नैतिकता पर आधारित मधुर भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम श्रृंखला में आगामी 25 अक्तूबर को प्रेरणा पर्व के तहत कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगे जिनमें आर्य समाज के महापुरुषों द्वारा समाज से अंधविश्वास, पाखंड, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और नारी उत्थान जैसे विषयों पर संदेश दिया जाएगा। 27 अक्तूबर को विद्यार्थी आर्य समाज के नियमों एवं उनकी व्याख्या प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत

कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी विभाग की अध्यापिकाएं कृष्णा देवी, डॉ. ऋषि, सविता सैनी, पुष्पा चौहान, सुनीता शर्मा और उषा शर्मा का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां आत्मविश्वास और ज्ञान से परिपूर्ण रहीं। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष वैदिक संस्कार सप्ताह मनाया जाता है, ताकि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि "महापुरुषों के आदर्श जीवन और हमारी प्राचीन परंपराएं बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। एक स्वस्थ मस्तिष्क ही एक स्वस्थ समाज की नींव रखता है।

## झुग्गी बस्ती के लोगों को बांटी मिठाई व कपड़े

# श्रीराम के आदर्श चरित्र और मर्यादाओं पर दिया वक्तव्य

डीएवी स्कूल में तक चल रहा वैदिक संस्कार पुण्य मास श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कारों की गूंज से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



झुग्गी बस्ती के लोगों को मिठाई व कपड़े बांटते प्राचार्य व छात्र।

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में 29 अक्बर तक चल रहा वैदिक संस्कार पुण्य मास श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कारों की गूंज से सराबोर है। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन आर्य भावना, सेवा और समर्पण का पवित्र वातावरण देखने को मिल रहा है।

विजय पर्व के अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र और मर्यादाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक कविताएं, वक्तव्य और प्रस्तुतियां दीं। कक्षा दसवीं की यांशिका ने "मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श जीवन" विषय पर अपने विचार रखे, जबकि कक्षा सातवीं के विद्यार्थी ने कविता "कोन है राम' सुनाकर वातावरण को भावविभोर कर दिया। कुमारी मुस्कान सिंह और वैभव जिंदल ने स्वामी के प्रेरक जीवन पर दो सशक्त वृतांत प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि स्वामी ने हैदराबाद और भिलाई में आर्य समाज के उत्थान हेतु अद्वितीय कार्य किए। इस पुण्य मास के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने 'सह नौ भुनक्तु' की भावना से प्रेरित होकर सेवा कार्यों में सक्रिय भाग लिया।

### संस्कार जागृत करने का माध्यम

विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर कपड़े, फल, मिठाइयां, अनाज, बेकरी उत्पाद एवं आवश्यक वस्तुएं एकत्र कीं जिन्हें विद्यालय की सेवा समिति ने निकटवर्ती झुग्गी-बस्तियों में जाकर वितरित किया, ताकि दीपावली का यह प्रकाश हर घर तक पहुंच सके। प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने कहा वैदिक संस्कार पुण्य मास केवल एक उत्सव नहीं, यह हमारे विद्यार्थियों के अंतर्मन में छिपी संवेदनशीलता, सेवा और संस्कारों को जागृत करने का माध्यम है। जब बच्चे श्रीराम और महात्मा आनंद स्वामी के जीवन से प्रेरणा लेते हैं। तभी शिक्षा का सच्चा अर्थ साकार होता है। सूरी ने आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और साथ ही डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पूनम सूरी के प्रति भी गहन कृतज्ञता प्रकट की।

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आदित्य रहा अव्वल, पलक को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मास कम्यूनिकेशन विभाग के तरफ से फोटोग्राफी व कैप्शन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों द्वारा खींची गई फोटो की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए मास क म्यू नि के श न विभाग के स्टाफ व छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभाग ऐसे रचनात्मक कार्यों में हमेशा आगे रहता है। इस मौके पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में चार थीम पर फोटो आमंत्रित की गई थी। डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. पूनम राजौरा व डॉ. रणदीप सिंह के निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। फोटोग्राफी में बीएएमसी फाइनल के आदित्य पहले पलक दूसरे व रुपिंदर तीसरे स्थान पर रहे रहे। जसप्रीत कौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**जसप्रीत कौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।**



अंबाला। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रिंसिपल।

फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर डॉ. अतुल यादव, डॉ. राजेश धनखड़, डॉ. रजनी सैनी, डॉ. बलजिंदर कौर,प्रो. राकेश शर्मा, डॉ. तंजुम कंबोज,प्रो. हितेश भारद्वाज व डॉ. संदीप सैनी भी मौजूद रहे।*